उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 13.05.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।






आज दिनांक- 13.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने मुकदमें में वाछित 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांकः-13.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया।

जिसमें गठित टीम के उ0नि0अनूप कुमार पाण्डेय द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/25 धारा 137(2)/3(5)/142 बीएनएस से सम्बन्धित 04 नफर वाछिंत अभियुक्तगण क्रमशः 1.विजय तिवारी उम्र करीब 40 बर्ष 2. मन्नू उम्र करीब 35 बर्ष 3. विमला उम्र करीब 45 वर्ष 4.कु0पिंकी उम्र करीब 19 बर्ष को सुलभ काम्प्लेक्स के सामने सूपा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही वाछिंत अभियुक्तगणों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय
2. कां. राहुल यादव
3. म.कां. प्राची थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्तगण :-

1.विजय तिवारी पुत्र कन्हैया लाल उर्फ कन्धी उम्र करीब 40 बर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा।

2. मन्नू पुत्र राजेन्द्र अहिरवार उम्र करीब 35 बर्ष निवासी ग्राम करमोहरा थाना रावर्टसगंज जनपद सोनभद्र।

3. विमला पत्नी रमाशंकर प्रजापति उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मुहल्ला नई बस्ती कस्बा डाला थाना चोपन जनपद सोनभद्र,हाल पता भागसवनियां थाना गोपालगंज भोपाल म0प्र0।

4.कु0पिंकी पुत्री रमाशंकर प्रजापति उम्र करीब 19बर्ष निवासी मुहल्ला नई बस्ती कस्बा डाला थाना चोपन सोनभद्र।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों, बस स्टैण्ड में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 13.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद की पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया।

जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा बैंकों का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें बैंक परिसर में लगे सुरक्षा उपकरणों अग्निशामक यंत्र, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे आदि की कार्यशीलता की जाँच की गई। बैंक के आस-पास खड़े संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की भी सघन चेकिंग की गई।

इसके अतिरिक्त बस स्टैण्ड क्षेत्र में गश्त करते हुए विभिन्न बसों एवं ऑटो वाहनों की तलाशी ली गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक पूछताछ की गई। यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए गए एवं उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो एवं आमजन में सुरक्षा का विश्वास सुदृढ़ हो।

जनपद पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें।

इसी क्रम में आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में बीट कार्य प्रणाली को प्रभावी एवं सुदृढ बनाये जाने हेतु थानों से आये बीट आरक्षियों की बीट बुक को चेक किया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः 13.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं जनसुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में बीट प्रणाली की समीक्षा की गई। बैठक में जनपद के प्रत्येक थाने से एक-एक बीट आरक्षी को आमंत्रित कर उनकी बीट बुक का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बीट आरक्षियों को बीट प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने-अपने बीट क्षेत्रों में भ्रमण करें एवं बीट बुक को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने यह भी कहा कि बीट पुलिसकर्मी अपने क्षेत्र में सतत् सक्रियता बनाए रखें, आमजन से संवाद स्थापित करें, सूचनाओं का समय से संकलन करें तथा सभी प्रविष्टियों को पूर्ण, प्रामाणिक एवं पारदर्शी ढंग से दर्ज करें।

पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान बीट बुक चेक करते हुए पुलिस की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसी उत्तरदायी कार्यशैली से पुलिस और जनमानस के बीच विश्वास की डोर और अधिक मजबूत होगी, जिससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा।




